अमृत योजना के दूसरे चरण में 250 करोड़ से हर कॉलॉनी तक पानी पहुंचाएंगेः बिरला

—व्यवस्थाओं में कमी को सुधारेंगे- यूडीएच मंत्री

जयपुर, 17 जनवरी। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि अमृत योजना के दूसरे चरण में 250 करोड़ रूपए खर्च कर अगले पांच साल में कोटा के सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र में पाइपलाइन से पेयजल पहुंचाया जाएगा। हमारी प्राथमिकता आधारभूत विकास करना है। सौंदर्यीकरण से पहले हमारा फोकस ढांचागत सुविधाएं विकसित करने पर होगा। वे बुधवार को राजीव गांधी नगर-इंद्र विहार पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास कर रहे थे।

ओपेरा अस्पताल रोड पर जलदाय विभाग चौकी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्री बिरला ने कहा कि चम्बल सदनीरा है, यहां पानी की कमी नहीं है इसके बावजूद हम शहर की बड़ी आबादी को शुद्ध पेयजल नहीं पहुंचा पा रहे, यह चिंताजनक है।

सौंदर्यीकरण से पहले हम ढांचागत विकास करेंगे—

श्री बिरला ने कहा कि शहर में विकास की योजना बनाते समय प्राथमिकता, पेयजल, सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, रोड लाइट, चिकित्या व्यवस्था आदि होनी चाहिए। सौंदर्यीकरण का कार्य इन सबके बाद आता है। हमारा विजन है कि शहर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से काम हो, अगले पांच साल में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने पर काम किया जाएगा।

लीकेज रोका जाएगा—

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि कोटा में पानी की कमी नहीं है। खामी व्यवस्थाओं में है, जिसे दूर किया जाएगा। पानी का लीकेज बड़ी मात्रा में हो रहा है, इसे रोका जाएगा। उन्होंने आमजन से जल संरक्षण कार्यों को भी हाथ में लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कोटा में लगभग 50 प्रतिशत पानी की बर्बादी है। यह अत्यंत चिंताजनक है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारेंगे तो शहर के प्रत्येक नागरिक की जल की आवश्यकता पूरी हो सकेगी।

रचना शर्मा / रवि वर्मा